NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 203/NCRES/20 Date : 7.10.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

श्रीमान प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली, ग्वालियर के कर्मचारियों के समस्याओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली, ग्वालियर, में विगत दो वर्षों से पेय जल का गम्भीर संकट है जिसके कारण कर्मचारी भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिये परेशान हो रहा है। इस समस्या के बारे में "संघ" के पदाधिकारियों द्वारा सिथौली प्रशासन के संज्ञान में बार–बार लाने के बावजूद कोई निदान नही हो पाया जिससे कर्मचारियों में बहुत असंतोष है।

कृपया निम्न पर ध्यान दिया जाय।

(1) सिथौली कारखाने में स्थित चार बोरवेल में से तीन का जल स्तर नीचे हो जाने के कारण वे बन्द पड़े है जिससे पेयजल की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गयी है।

(2) सिथौली कारखाने के फ्लोर एवं शेड जर्जर अवस्था में है व मरम्मत के आभाव में बरसात में बहुत ज्यादा पानी टपकता है जिसके कारण मशीने क्षतिग्रस्त हो जाती है व काम करने में कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त रेलवे कालोनी का सीवर भी दयनीय स्थिति में है जिसके कारण कालोनी में रहने वाले कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

NCRES का अनुरोध है कि रेल स्प्रिंग कारखाने में नये बोरवेल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, टैंकर से पानी की आपूर्ति कराने व जगह–जगह आर. ओ. प्लान्ट लगाने तथा फ्लोर व शेड की मरम्मत कराने हेतु उचित आदेश करने का कष्ट करें जिससे कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके व कार्य करने में हो रही परेशानी खत्म हो सके। कृपया कृत कार्यवाही से संघ को भी अवगत कराने का कष्ट करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री